4- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/4/2025 12:03 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 36.9 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025



मसानगंज में कचरे का नियमित उठाव न होने के कारण मोहल्लेवासी दुर्गंध से परेशान हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### नीट एमडीएस के लिए आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने 3 अप्रैल 2025 को नीट एमडीएस 2025 रजिस्ट्रेशन विंडो फिर से ओपन कर दी है। जो कैंडिडेट्स इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाइट nat-board.edu.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। शेडयूल के तहत नीट एमडीएस के लिए एलिजिबिलिटी इंटर्नशिप पूरा करने की फाइनल डेट 30 जून 2025 तक बढ़ाए जाने के बाद ये फैसला लिया गया है। पहले इंटर्नशिप 31 मार्च तक के लिए थी। कैंडिडेट्स 6 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। करेक्शन विंडो 9 अप्रैल तक के लिए उपलब्ध होगी। यह परीक्षा 19 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड मोड में होगी।

### नौसेना में भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना ने एसएसआर की मेडिकल ब्रांच में सेलर्स के पदों पर भर्ती निकाली है। कैंडिडेट्स 10 अप्रैल तक इसमें sailornavy.cdac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। 14 से 16 अप्रैल के बीच इसकी करेक्शन विंडो खुलेगी। मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 50% मार्क्स के साथ पास होना जरूरी है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बॉयोलॉजी सब्जेक्ट्स होने चाहिए। हर सब्जेक्ट में 40% मार्क्स आने चाहिए। 12वीं के पेपर देने वाले कैंडिडेट्स भी अप्लाई कर सकते हैं। भर्ती में इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट के साथ फिजिकल टेस्ट, रिटर्न एग्जाम और मेडिकल टेस्ट होगा।





दोनों तरफ से फंड की कमी बताई जा रही, योजना लेटलतीफी की भेंट चढ़ गई

# 140 करोड़ में बनी सिर्फ 600 मीटर की सड़क, चार साल हुए बर्बाद, पुराने पुल से शनिचरी रपटा तक का काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा के दोनों किनारों पर बन रहे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ के पार हो गया है लेकिन चार साल में काम अधूरा है। इंदिरा सेतु से पुराने अरपा पुल की तरफ मेट्रो स्टूडियों की तरफ से 600 मीटर सड़क तो बन गई है लेकिन बाकि 3 हजार मीटर सड़क बनने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। महामाया चौक की तरफ से पुल पर काम शुरू हुआ था लेकिन वह भी तीन महीने से बंद पड़ा है। इसके साथ ही पुराने पुल से शनिचरी रपटा तक काम पहले ही दो साल से से बंद है। यह शुरू भी होगा कि नहीं इसका जवाब अधिकारियों और ठेका कंपनी के पास नहीं है। ठेका कंपनी गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर साढ़े 37 लाख की पेनाल्टी निगम ने जरूर लगाई है। कंपनी के लगभग सभी मजदूर और स्टाफ वापस चले गए हैं।

- ठेका कंपनी के अधिकांश मजदूर और स्टाफ वापस चले गए, काम में लापरवाही

अरपा के किनारों पर करीब 140 करोड़ में बन रही स्मार्ट सड़क की स्थिति का जायजा लेने के लिए हरिभूमि की टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची। टीम ने रपटा के तरफ काम के बारे में वहां मौजूद कुछ लोगों से बात की। धूप से बचने एक टेंट में दो बैठे मजदूरों ने बताया कि यहां तो 6 महीने से कोई काम नहीं हुआ है। सामान की रखवाली कर रहे हैं बस।

### सिर्फ 600 मीटर की सड़क ही बन सकी

ध्यान रहे अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन प्रोजेक्ट के तहत इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक नदी की दोनों ओर नाला, सड़क और सौंदर्यीकरण के कार्य का ठेका गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर ने लिया था। ठेका कंपनी ने नदी की दांई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक बस प्रथम चरण को पूर्ण किया है। ठेका कंपनी को शेष कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश देने के बावजूद कार्य धीमी गति से संचालित किया जाता रहा। कार्य में प्रगति नहीं लाने पर स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार के निर्देश पर ठेका कंपनी गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 37 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

### 50 करोड़ का रिवाइज इस्टीमेट बनाया गया

इस स्मार्ट सड़क की बाकि कामों को पूरा करने के लिए 50 करोड़ का रिवाइज इस्टीमेट बनाया गया है। काम भी सुस्ती से ही चल रहा है। महामाया चौक की तरफ इंदिरा सेतु को साइड से तोड़कर पुराने पुल से नए रिवर व्यू सड़क को मिलाया जा रहा है। फिलहाल इसका भी काम बंद है। गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर ठेका कंपनी के अधिकांश मजदूर और स्टाफ वापस चले गए हैं। किसी दूसरे ठेकेदार को काम देकर इसे जैसे जैसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

### डेढ़ करोड़ रुपए की कांक्रिट कास्टिंग बेकार

हरिभूमि ने पाया कि शनिचरी रपट की तरफ पूरी तरह काम बंद है। शनिचरी की तरफ करीब 400 मीटर का टो वाल बना लिया गया था लेकिन अधिकारियों ने काम बंद करा दिया। मौके पर पहुंचकर देखा गया तो कांक्रीट कास्टिंग करते हुए सीमेंट के बड़े वाल बनाने में करीब डेढ़ करोड़ खर्च किए गए। यह बेकार पड़े हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या सामान चोरी होने की है। चांटीडीह की तरफ कई बार छड़, सीमेंट और सरिया की चोरी हो जा रही है। इसकी शिकायत भी निगम, प्रशासन और पुलिस से की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। रात में पूरा एरिया नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।

### पुराने पुल से रपटा तक नहीं बनेगी सड़क

गौरतलब है कि अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 94 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन दो साल से अधिक की देरी हो चुकी है। मार्च 2025 बीत जाने के बाद भी काम 20 प्रतिशत भी नहीं हो सका है। लगातार हो रही देरी को देखते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करने के लिए प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण का टारगेट रखा है जबकि बाकी दोनों तरफ 1200-1200 मीटर का काम बंद कर दिया गया है। इसमें भी एक तरफ की सड़क नहीं बन सकी और काम अधूरा ही पड़ा है।

### लगाई गई पेनाल्टी

अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन प्रोजेक्ट के तहत इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक नदी की दोनों ओर नाला, सड़क और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसका ठेका गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया जा रहा है। नदी की दांई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक बस प्रथम चरण को पूर्ण किया गया है। ठेका कंपनी को शेष कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। काम में लापरवाही पर ठेका कंपनी गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर 37 लाख 50 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है।

\- **अमित कुमार**
निगम आयुक्त

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा केंद्र में बदलाव

**बिलासपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नया रायपुर द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए जिला-बिलासपुर के परीक्षा केन्द्र कमांक 1310 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा बिलासपुर में यूपीएससी की एनडीए की परीक्षा होने के कारण सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया जाना संभव नहीं है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नया रायपुर द्वारा परीक्षा केंद्र 1310 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकंडा के स्थान पर शासकीय विद्यालय चिंगराजपारा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिन अभ्यार्थियों के द्वारा 1310 केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिया है।

DIGITAL™
WEIGHING SYSTEMS (P) LTD.
Application Invited For
SALES EXECUTIVE
Exp. -1-2 Year
ELECTRONIC ENGINEER
Exp. -1-2 Year
PURCHASE MANAGER
Exp. -1-2 Year
Regd.Off.- P1 B&C P2,Industrial Area Tifra Bilaspur (C.G.) 495223 India
dwsbsp@yahoo.com
+918269742246




SWARNIMA ERA
2,3&4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G)
UNLEASH THE POWER OF NAVRATRI WITH
GREAT NAVRATRI OFFERS
SWARNIMA ERA EXTENSION
Swarnima Era Presents: A Divine Navratri Celebration! Embrace the Feminine Energy and Elevate Your Lifestyle with Our Exclusive Great Navratri Offering, Five Irresistible Days of Deals.
Elevate Your Culinary Experience: Modular Kitchen with Complimentary Chimney.
Embrace the Future: Turn Home into a Smart Digital Haven.
Create a Stylish Ambiance: Get a Free False Ceiling
Complete Your Living Room: Enjoy Exclusive Accessories for Added Elegance.
Sleep in Luxury: Master Bedroom with Premium Furniture.
2, 3 & 4 BHK STYLISH INDEPENDENT BUNGALOW
PLOTS AND CUSTOMISED HOUSES ALSO AVAILABLE
Artist Impression
Artist Impression
Artist Impression
*Conditions Apply
READY AMENITIES
Grand Attractive Entrance Gate with water bodies | 3 Dome Divine Temple | Exclusive Club Swarnima | Swimming pool with Jaccuzzi & Kids pool | 15 Big Landscape Garden with flower zone | Children's Play area | Gymnasium | Meditation, Spa , yoga & Massage area | Sculpture art statues with sitting zones & water bodies | Underground electrification & Water supply, with STP | Security & Convenience | Best-in-class Specifications with Designer House Elevation
Artist Impression
Call : 97557 93333 | 97552 93333
Rera no. PCGRERA22062001125
www.rera.cgstate.gov.in
Site address - Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)
swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

नवरात्रि के सातवें दिन देवी जी का पूजन श्रृंगार कालरात्रि देवी के रूप में किया गया। सुबह से मंदिरों पूजा-अनुष्ठान किए गए। शहर के सभी मंदिरों में सुबह से बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा। सप्तमी के मौके पर हर-घर में कन्या भोज कराया गया। शहर के देवी मंदिरों में भी हजारों श्रद्धालुओं ने मां के कालरात्रि स्वरूप के दर्शन किए। शहर के तिफरा स्थित मां काली मंदिर, जरहाभाटा स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा मंदिर, सरकंडा, कुदुदंड स्थित सतबहनियां मंदिर, रेलवे क्षेत्र स्थित बंगाली काली बाड़ी सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों ने मां के कालरात्रि स्वरूप के दर्शन-पूजन किए।





## 51 सौ कन्याओं का महाभोज

अशोकनगर चौक स्थित श्री प्लाजा में सप्तमी के शुभ अवसर पर महाकन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 51 सौ कन्याओं का पूजन, प्रसाद व उपहार भेंट किया गया। इस दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पीयुष गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सप्तमी पर कालरात्रि के रूप में माता का पूजन व श्रृंगार



### माता के जयकारों के साथ पदयात्री पहुंचे मंदिर

सप्तमी पर रतनपुर स्थित सिद्ध पीठ महामाया देवी का दर्शन करने देर सायं महामाया चौक बिलासपुर से हजारों पदयात्री माता के जयकारों के साथ रतनपुर के लिए रवाना हुए। पद यात्रियों की सुविधा के लिए जगह-जगह सामाजिक व स्वैच्छिक संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा सड़क के किनारे पंडाल लगाकर स्वल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई थी। इन पंडालों से शीतल जल, छाछ, लस्सी, फल, पूड़ी-सब्जी, खिचड़ी, मिष्ठान आदि वितरित किए गए। मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों को रोक दिया गया था। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।



### सामूहिक सामाजिक कन्या भोज

मां कर्मा महिला मंडल वैश्य साहू समाज बिलासपुर छग के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रति वर्ष अनुसार वैश्य साहू समाज भवन गोंड़पारा में चैत्र नवरात्रि में समाज की छोटी कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर बहुत सी बच्चियों को सामूहिक भोज कराया इसी अवसर पर समाज की संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय रजनी देवी सुखदेव प्रसाद साहू के द्वारा रचित भजन संग्रह पुस्तक का विमोचन किया गया। संरक्षक डॉक्टर शकुंन जीतपुरे एवं संस्थापक संरक्षक विंध्यवासिनी साहू और अध्यक्ष उमाकांत साहू महिला अध्यक्ष रचना दत्त साहू ने पुस्तक का विमोचन किया इस पुस्तक के भजन की संकलनकर्ता राजेश दत्त साहू है। इस अवसर पर डॉ शकुंन जितपूरे ने स्वर्गीय रजनी साहू में श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार के महेश साहू शुभा साहू दिनेश साहू रमा साहू आदि मौजूद थे।

### अष्टमी पर आज महागौरी की आराधना

नवरात्रि की अष्टमी पर हवन-अनुष्ठान के साथ मां आदिशक्ति के अष्टम स्वरूप 'महागौरी' की आराधना की जाएगी। इस मौके पर श्रद्धालु अपने घरों में कन्या भोज कराकर महागौर की पूजा करेंगे। मंदिरों में भी हवन-अनुष्ठान के साथ महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना, कन्या पूजन व भोज का भी आयोजन होगा। मां आदिशक्ति की पूजा-अर्चना कन्या भोज के बिना अधूरी मानी जाती है।

**उत्सव**

## श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकलेगी



**बिलासपुर।** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर 6 अप्रैल रविवार को भगवान प्रभु श्रीराम की 7वीं शोभायात्रा शाम 4 बजे शांतिनगर पानी टंकी से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा अमेरी चौक, बिजली आफिस रोड, नेहरुनगर, हनुमान मंदिर चौक, गणेश चौक, पुराना आरटीओ आफिस, मुंगेली नाका चौक, 27 खोली चौक, मंगला चौक, उसलापुर ओव्हर ब्रिज से शुभम विहार होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर 36 माल के पास पहुंचेगी। जहां हनुमान महराज की आरती के साथ समापन होगा। शोभायात्रा में नगर वासियों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

**शिविर**

## अंतर्राष्ट्रीय ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य में स्पेशल बच्चों के लिए दंत चिकित्सा कैंप

**बिलासपुर।** तिलक नगर राम मंदिर के पास स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में अंतरराष्ट्रीय ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए दंत चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। श्री स्पेशल केयर सेंटर में ऑटिज्म दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए संस्था संस्थापिका डॉ सुजाता बाजपेई मैडम ने बताया कि ऑटिज्म क्या है,ऑटिज्म पीड़ित बच्चों को किस किस प्रकार की थेरेपी दी जा सकती है। ऑटिज्म पीड़ित बच्चों को विशेष ट्रेनिंग एवं विशेष स्कूलों में पढ़ाई करवा कर उन्हें वोकेशनल ट्रेनिंग देकर खुद के पैरों पर खड़ा किया जा सकता है। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि विशेष शिक्षकों द्वारा संस्था में किस प्रकार दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनेक प्रकार के कौशलों को सिखाया जा रहा है। संस्था की छात्रा अरुणिमा राय द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को अभिभावकों एवं अन्य लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है।



# एमबीबीएस 2019 बैच के लिए निविष्ट स्नातक दिवस समारोह



छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में शुक्रवार को एमबीबीएस 2019 बैच के छात्रों के लिए निविष्ट स्नातक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 184 छात्रों को उनकी एमबीबीएस डिग्री पूरी करने के उपलक्ष्य में स्मृति चिह्न प्रदान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सा विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, कान-नाक-गला और नेत्र विज्ञान में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को यह सम्मान दिया गया। समारोह में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने नए स्नातकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे एक अच्छे डॉक्टर के साथ-साथ एक अच्छे इंसान भी बनें। उन्होंने छात्रों को अपने पेशे में नैतिकता और संवेदनशीलता बनाए रखने की सलाह दी। वहीं सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने छात्रों को जीवन में महान कार्य करने की प्रेरणा देते हुए सहानुभूति और करुणा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी स्नातकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और सदैव नैतिक चिकित्सा पद्धतियों का पालन करने की सलाह दी। इस भव्य समारोह में लगभग 1500 लोगों ने भाग लिया, जिसमें 400 से अधिक छात्र, उनके अभिभावक और संकाय सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में डॉ बीपी सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. भूपेन्द्र कश्यप, डॉ. एस.के. नाइक, डॉ. बेन, डॉ. जोगी, डॉ. सागरिका और डॉ. प्रशांत निगम सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को सिखाया

छात्रों ने कॉलेज और संकाय सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि इस संस्थान ने उन्हें न केवल एक बेहतर डॉक्टर बनाया, बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाया। अभिभावकों ने भी कॉलेज के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके बच्चों ने इस प्रतिष्ठित संस्थान से शिक्षा प्राप्त की है। इस समारोह ने स्नातक छात्रों के लिए न केवल उनके कठिन परिश्रम और समर्पण की सराहना की, बल्कि उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में नई उंचाइयाँ छूने के लिए प्रेरित भी किया।

# श्रीमद् देवी भागवत महापुराण सर्वश्रेष्ठ है इसमें जगत जननी जगदंबा की आराधना



श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ में चैत्र नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवरात्रि के सातवें दिन माँ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार कालरात्रि देवी के रूप में किया गया।

**बिलासपुर।** पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश जी महाराज ने बताया कि श्रीमद देवी भागवत महापुराण की कथा अठारह पुराणों में देवी भागवत पुराण उसी प्रकार सर्वोत्तम है, जिस प्रकार नदियों में गंगा, देवों में शंकर, काव्यों में रामायण, प्रकाश स्त्रोतों में सूर्य, शीतलता मे चंद्रमा, कर्मशीलों में पृथ्वी, गंभीरता में सागर और मंत्रों में गायत्री आदि श्रेष्ठ हैं। यह पुराण श्रवण सब प्रकार के कष्टों का निवारण करके आत्मकल्याण करता है। जिनसे सम्पूर्ण जगत प्रकट होता है, जिन्हें परम तत्व कहा गया है, वे साक्षात स्वयं भगवती ही हैं। सभी प्रकार के यज्ञों से जिनकी आराधना की जाती है, वे एकमात्र भगवती ही हैं। श्री पीतांबरा पीठ कथा मंडप से कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी राजपुरोहित ने बताया कि किस प्रकार देवकी और वासुदेव के पूर्व जन्म के पाप के कारण उन्हें जन्म लेना पड़ा और वे किस प्रकार से अपने पूर्व जन्म में मिले हुए श्राप के कारण कारागार में अपने सात पुत्रों को खोकर श्री कृष्ण को प्राप्त किया। व्यास जी किस प्रकार राजा जन्मेजय को माया की प्रबलता को समझते हैं, नर नारायण की मोहनी माया कामदेव को उनके पास भेजना एवं नर नारायण द्वारा किस प्रकार उर्वशी की उत्पत्ति की गई इसका वर्णन देवी भागवत में किया गया।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

## रेलवे के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** 57वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे की पुरुष खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे की टीम का प्रतिनिधित्व कर इस रेलवे को गौरवान्वित किया। इस वर्ष भारतीय रेलवे पुरुष टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से चैंपियनशिप जीत भारतीय रेलवे का मान बढ़ाया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में रेलवे की पुरुष टीम उपविजेता रही थी जबकि महिला टीम विजेता बनी थी। उपरोक्त सफलता पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित अपार महाप्रबंधक एवं खेलसंघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



## बिलासपुर के लिए महिला के सभी वर्गों का ट्रायल

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला के लिए सभी वर्गों का ट्रायल लिया जा रहा है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए 5 अलग अलग जोन बनाए गए हैं, जिसमें बिलासपुर ईस्ट जोन में है और इसके अलावा इस जोन में रायगढ़, सरगुजा और जांजगीर चांपा सम्मिलित है जिसके लिए सीएससीएस द्वारा 6 अप्रैल को रेलवे के सेक्रसा मैदान में ट्रायल लिया जाएगा। ईस्ट जोन के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के लिए महिलाओं के सभी वर्गों का ट्रायल लिया गया।जिसमें महिला वर्ग के अंडर 15,अंडर19,अंडर 23 और सीनियर वर्ग का ट्रायल लिया गया। जिसमें कुल 58 महिला खिलाड़ियों ने बिलासपुर के लिए ट्रायल लिया। क्रिकेट संघ बिलासपुर के चयनकर्ता ओपी यादव , सैयद जावेद और अभिषेक सिंह द्वारा महिलाओं के फिटनेस , बल्लेबाजी और गेंदबाजी को देखने के बाद महिला ईस्ट जोन के लिए महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया। सभी चयनित महिला खिलाड़ी 6 अप्रैल को रेलवे ग्राउंड में सुबह 7 बजे ईस्ट जोन के लिए ट्रायल लिया जाएगा, जिसमें सीएससीएस के चयनकर्ता तरुणेश परिहार और विकास अग्रवाल मौजूद होंगे। ट्रायल के दौरान क्रिकेट संघ बिलासपुर के सभी सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल द्वारा दी गई।

**डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग**

## गेंदबाजी और बल्लेबाजी के प्रदर्शन से टीमें जीत रहीं मैच



शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के द्वारा डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग का आयोजन मिनी स्टेडियम गांधी चौक में कराया जा रहा है, आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि प्रथम मैच सकरी थाना पुलिस विरुद्ध टीचर्स राइडर कोरबा के मध्य खेला गया, जिसमें सकरी पुलिस ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाया, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टीचर्स राइडर कोरबा की टीम 51 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सकरी पुलिस के लक्ष्मीकांत रहे। दूसरा मैच बिलासपुर पुलिस विरुद्ध एसबीआई बिलासपुर के मध्य खेला गया, जिसमें बिलासपुर पुलिस ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट गंवाकर एसबीआई बिलासपुर की टीम 57 रन ही बना पाई। इस तरह बिलासपुर पुलिस ने एसबीआई बिलासपुर के विरुद्ध 47 रन से विजय प्राप्त की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे ततबीर, जिन्होंने 23 बॉल में 38 रन बनाए। तीसरा मैच लोरमी टीचर्स और एग्रीकल्चर टाइगर्स बेमेतरा के मध्य खेला गया, जिसमें एग्रीकल्चर बेमेतरा ने 9.2 ओवर में 10 विकेट गंवाकर 40 रन का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए लोरमी टीचर्स ने 5 ओवर में बिना विकेट गवाए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया, इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे लोरमी टीचर्स के लेखराम, जिन्होंने 2 ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किया। चौथा मैच जीपीएम पुलिस और टाइटंस एजुकेशन बिलासपुर के मध्य खेला गया, जिसमें जीपीएम पुलिस ने 10 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 81 रन बनाया, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटन एजुकेशन बिलासपुर ने 8.1 ओवर में ही 2 विकेट गंवाकर इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे टाइटंस एजुकेशन बिलासपुर के अनीश कौशिक, जिन्होंने 24 बॉल में 50 रन बनाएं और 2 ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट लिया।

## विभागीय फ्रेंडलाइट फुटबाल प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए

नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, बिलासपुर के तत्वाधान में आयोजित रेलवे के अंतर विभागीय फ्रेंडलाइट फुटबाल प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता के तीन लीग मैच खेले गये। पहला मैच इलेक्ट्रिकल विभाग एवं परिचालन विभाग के मध्य खेला गया। जिसमें इलेक्ट्रिकल विभाग ने 1 - 0 से जीत दर्ज की। इस मैच में मध्यांनतर तक इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम 1 - 0 से आगे थी। इलेक्ट्रिकल विभाग के एस. एस. मुंडा ने 1 शानदार गोलकर अपनी टीम को विजय बनाया एवं इस मैच के प्लेयर आफ दि मैच घोषित किए गए। दूसरा मैच मैकेनिकल विभाग एवं एस एंड टी के मध्य खेला गया, जिसमें मैकेनिकल विभाग ने 1 - 0 से जीत दर्ज की। इस मैच में मैकेनिकल विभाग के टी. सम्मुख राव ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अपने टीम के लिए 1 गोल किए तथा इस मैच के प्लेयर आफ दि मैच बने। तीसरा एवं इस प्रतियोगिता का अंतिम लीग मैच वाणिज्य विभाग एवं ई एल एस के मध्य खेला गया, जिसमें वाणिज्य विभाग ने यह मैच 4 - 0 के गोल के अंतर से यह मैच जीत लिया। वाणिज्य



विभाग के साईं नायडू ने 2 गोल, गिरी ने 1 गोल तथा सुनील कुमार बीरवा ने 1 शानदार गोल किया। इस मैच में वाणिज्य विभाग के सुनील कुमार बीरवा को प्लेयर ऑफ दि मैच को दिया गया। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

पहला सेमीफाइनल मैच इलेक्ट्रिकल विभाग एवं मैकेनिकल विभाग के मध्य शाम 06:00 बजे प्रारंभ होगा तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच इंजीनियरिंग विभाग एवं परिचालन विभाग के मध्य शाम 07:30 बजे खेला जाएगा। इस शानदार आयोजन के लिये मैदान में नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के सेक्रेटरी श्री सी नवीन कुमार जी, उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, सह-कोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढी, टुर्नामेंट सचिव दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट सह-सचिव दीपक राजा गुरूंग, आउटडोर सेक्रेटरी टी सन्मुख राव, इनडोर सेक्रेटरी डी मुरलीधर, लाइब्रेरी सेक्रेटरी श्रीराम यादव जी उपस्थित रहे। मंच संचालन सह-सचिव संजय कुमार तिवारी के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद सम्मेलन में शामिल होने 7 को रवाना होंगे अटल



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी के विस्तारित एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य (एआईसीसी मेम्बर) की बैठक का आयोजन अहमदाबाद गुजरात में रखी गई है। बैठक का आयोजन 8 व 9 अप्रैल को किया जाएगा। बैठक में शामिल होने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव 7 अप्रैल को रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार उक्त बैठक में कांग्रेस के संगठन को लेकर चर्चा होगी, जो प्रस्ताव पेश होंगे उन पर सभी लोग अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे सहित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समस्त वर्किंग कमेटी सदस्य, महासचिव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। 8 अप्रैल को वर्किंग कमेंटी की विस्तारित बैठक होगी। जिसमें बिलासपुर संभाग से नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत शामिल होंगे। बिलासपुर जिले से अटल श्रीवास्तव एकमात्र एआईसीसी मेम्बर है।

### यादव समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है: देवेन्द्र



**बिलासपुर।** यादव समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और हमें इसे बनाये रखना है। उक्त उद्गार युवा यादव समाज द्वारा आयोजित यादव सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव ने व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यादव सम्मेलन एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान एक महत्वपूर्ण कार्य है और हमें इसे बनाये रखना है। कार्यक्रम में अमित यादव , कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार (राजू) यादव , डॉ. गोविंद यादव , दुर्गेश यदु, सुनील यादव, शिवशंकर यादव, गीता यादव, अमित यादव, अनिल यादव, गौरीशंकर यादव, ईश्वर यादव, नंद किशोर यादव, कमल यादव, धनंजय यादव, सतीश यादव,संतोष यादव बेलतरा, लक्ष्मी प्रसाद यादव, दिनेश यादव, बोधराम यादव, समीर यादव, नरेंद्र, मुकेश, हरबंस यादव, जय यादव, नंदकुमार यादव, कृष्ण कुमार, विजय यादव, रिक्की प्रभात, अवि, आयुष, सनी, पुकार, विलास, प्रमोद, अंकिता यादव,सुनीता यादव, सरिता यादव, रेवती यादव, दुर्गा यादव, हर्षलता यादव, सुश्री दीपा यादव, मनीषा यादव, श्रेखा यादव आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन कमल यादव ने किया।

### गेंदे के फूल से तैयार हर्बल उत्पाद के क्षेत्र में असीम संभावनाएं : प्रो. नीलांबरी



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन के विद्याणथयों को अनुभवजन्य शिक्षा के माध्यम से स्वावलंबी बनाने की प्रक्रिया में मैरीगोल्ड से हर्बल उत्पादों के विकास विषय पर दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट गुजरात की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि मैरीगोल्ड या गेंदे के फूल से तैयार हर्बल उत्पाद के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उद्यमिता एवं स्वावलंबी बनाने वाली इस प्रकार की कार्यशाला में शामिल विषय विशेषज्ञों के अनुभवों से प्रतिभागियों को पेशेवर तरीके से हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं विपणन की जानकारी मिल पाती है। कार्यशाला में औषधीय और सुगंधित पौधों के अमूल्य महत्व के साथ ही मैरीगोल्ड से विविध हर्बल उत्पाद तैयार करने, एसेंशियल आयल निकालने और अत्याधुनिक उपकरणों जैसे एचपीएलसी, एफटीआईआर, यूवी–विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर को संचालित करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया। कार्यशाला की समन्वयक प्रो. चारू अरोरा और आयोजन सचिव डा. बी मोंडल रहे। धन्यवाद ज्ञापन डा. आरती श्रीवास्तव ने तथा संचालन डा. ज्योति वर्मा ने किया। सत्र का तकीनीकी संचालन डा. अमित खासकलम एवं हर्ष सुदर्शन ने किया। इस दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला में देश भर से 208 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत सत्र 2025-26 में प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट पर 3 अप्रैल से 20 अप्रैल तक डाउलोड कर सकते हैं। परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को सुबह 9 बजे परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना है। सुबह 9.30 बजे परीक्षार्थियों से ओएमआर शीट भराया जाएगा। परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को पेपर शुरू होने के 1 घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचना होगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के समय कठिनाई आने पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### राजस्व पखवाड़ा का प्रथम चरण 7 से पहले दिन 24 ग्रामों में लगेंगे शिविर

**बिलासपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में 7 अप्रैल से शुरू हो रहे राजस्व पखवाड़ा की तैयारी पूर्ण हो गई है। प्रथम चरण में 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक विभिन्न ग्रामों में शिविर लगेंगे। पहले दिन 7 अप्रैल को जिले की सभी तहसीलों में 24 शिविर लगेंगे। कलेक्टर ने पखवाड़ा में प्राप्त समस्त आवेदनों का 30 अप्रैल तक निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित राजस्व शिविरों में राजस्व से संबंधित लोक सेवा गारण्टी के अंतर्गत लोक सेवाओं की समय-सीमा में कार्रवाई, अविवादित किस्म के नामांतरण एवं खाता विभाजन का 30 अप्रैल तक शतप्रतिशत निराकरण, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई के समय-सीमा के बाहर के प्रकरणों का 30 अप्रैल तक शतप्रतिशत निराकरण, विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन के समय-सीमा के बाहर के प्रकरणों की त्वरित सुनवाई कर 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत निराकरण करने कहा गया है।

---

**90 हजार घरों तक पहुंचेगी रसोई गैस** | सुरक्षा नियमों का पालन नहीं, अंडरग्राउंड डालने से पहले इन्हें सड़क पर वेल्डिंग से जोड़ा जा रहा

# 26 किमी तक बिछेगी पाइप लाइन, गोपालपुर में बनेगा टर्मिनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिटी गैस नेटवर्क योजना के तहत बिलासपुर में गैस पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है। शहर की सड़कों पर इन दिनों बड़े-बड़े पाइप रखे जा रहे हैं, जिन्हें रात में मशीन से सड़क के नीचे डाला जा रहा है।

पाइपलाइन को अंडरग्राउंड डालने से पहले इन्हें सड़क पर वेल्डिंग से जोड़ा जा रहा है, जिसके चलते सड़कों पर पाइप नजर आ रहे हैं। कंपनी के कर्मचारी मुख्य मार्गों पर पाइप जोड़ रहे हैं लेकिन सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। साथ ही, कई स्थानों पर पाइप को क्रॉसिंग पर छोड़ दिया गया है, जिसके चलते लोगों को सड़क के एक ओर से दूसरी ओर जाने में दिक्कत हो रही है। यह पाइपलाइन बिछाने का काम लिंक रोड, महाराणा प्रताप चौक, तारबाहर, व्यापार विहार, सीपत चौक सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर किया जा रहा है। फिलहाल, अशोक नगर चौक से खेल परिसर तक काम चल रहा है। ध्यान रहे कि निगम प्रशासन ने कंपनी को पाइपलाइन बिछाने के लिए 27 शर्तों के साथ काम पूरा करने का आदेश दिया है। कंपनी ने नगर निगम को 18.80 लाख रुपए शुल्क जमा किया है। 26 किमी सड़क पर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसमें नगर निगम की 9.05 किमी और पीडब्ल्यूडी की 17.47 किमी सड़कों पर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। निगम की सड़कों में महाराणा प्रताप चौक से मंगला चौक, व्यापार विहार रोड और पीडब्ल्यूडी की सड़कों में सीपत चौक से गुरुनानक चौक तक पाइपलाइन बिछाई जाएगी। सड़कों की खुदाई 2 मीटर की गहराई तक होगी। यह खुदाई सिटी गैस प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टील गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए की जा रही है।



#### गोपालपुर में एशिया का सबसे बड़ा टर्मिनल

गौरतलब है कि इस में योजना के तहत दिल्ली, गुजरात जैसे बड़े शहरों में रसोई गैस उपभोक्ताओं को पाइप लाइन के जरिए गैस मिल रहा है। बिलासपुर कोरबा में काम के लिए ग्लोबल टेंडर के जरिए आइओसी को ठेका मिला है। आइओसी ने कोरबा जिले के गोपालपुर में एशिया का सबसे बड़ा टर्मिनल स्थापित किया है। गोपालपुर टर्मिनल से मेनपाइप लाइन शहर में बिछाई जा रही है। दो मेनपाइप लाइन दोनों जिलों के लिए बिछाई जाएगी। इसके बाद अत्याधुनिक तरीके से चेंबर का निर्माण किया जाएगा।

#### घरों में रसोई गैस पहुंचाने की है योजना

अधिकारियों के मुताबिक पानी की तरह ही घर-घर रसोई गैस पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई जा रही है। 2024-25 तक इन दोनों शहरों के 90 हजार घरों में गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। राजधानी रायपुर में भी सिटी गैस नेटवर्क की योजना लागू की जाएगी। रायपुर में गैस की आपूर्ति मुंबई से झारसुगड़ा तक पाइपलाइन के माध्यम से की जाएगी। फिलहाल शहर में कंपनी द्वारा शहर के मुख्य मार्गों में रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। शहर के भीतर 26 किलोमीटर सड़क पर काम होना है।

---

राज्य खेल शिक्षण केन्द्र के चारों ओर खरपतवार, संवारने के लिए विभाग के पास बजट का अभाव

# रंग रोगन नहीं होने के कारण जर्जर हो गया 120 करोड़ का स्पोर्ट्स काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का प्रशिक्षण देने के लिए 120 करोड़ रुपए की लागत से राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य बहतराई में कर दिया गया है, लेकिन इस संवारने और मेंटनेंस करने के लिए खेल विभाग के पास किसी तरह का बजट नहीं है। इसके कारण मैदान के चारों ओर खरपतवार होने के साथ रंग रोगन के अभाव में दीवारें भी जर्जर होने लगी हैं।

जिला खेल परिसर में खिलाड़ियों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं होने के कारण शासन ने बहतराई में 60 करोड़ रुपए की लागत से राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण शुरु किया था, जिसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई थी। ठेकेदार की ओर से काम में लेट लतीफी के कारण स्पोर्टस काम्पलेक्स की लागत 60 करोड़ रुपए से बढ़ते-बढ़ते 120 करोड़ रुपए हो गई। राज्य शासन ने निर्माण कार्य जल्द कराने के लिए दो से तीन किश्त में बची हुई राशियों को स्वीकृत किया। 120 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र सेन्ट्रल की ओर से एक्सीलेंस सेंटर का दर्जा भी मिल गया है, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



#### आउटडोर की हालत खराब

एथलेटिक्स के अलावा फुटबाल व अन्य खेलों के लिए आउटडोर ग्राउंड को बनाया गया है। यहां गैलरी के साथ ही प्रशिक्षकों के रूकने के लिए कमरे भी बने हुए हैं। आउटडोर ग्राउंड में सिंथेंटिक ट्रैक तो लगा दिया गया है, लेकिन ग्राउंड के बाहर की स्थिति ऐसी है कि चारों ओर खरपतवार के साथ दीवारें जर्जर हो चुकी है। चार साल पहले राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान खरपतवार की सफाई कराई गई थी। इस प्रतियोगिता के समाप्त होते ही किसी भी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी है कि शाम अंधेरा होने के बाद खरपतवार से जहरीले जीव-जंतु का निकलना आम बात हो गई है, जिसके कारण खिलाड़ी डरे सहमे से रहते हैं।

#### इंडोर का हाल बेहाल

राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में बैडमिंटन, कबड्डी, कराते, ताइक्वांडो व अन्य इंडोर गेम्स के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य किया गया है। जनप्रतिनिधियों और खेल संघ की ओर से बार-बार एसी की मांग की गई थी, लेकिन शासन ने एसी के स्थान पर यहां सेन्ट्रलाइज्ड कूलर की फिटिंग कर दी है। इंडोर स्टेडियम के अंदर जाते ही खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की हालत खराब हो जाती है। ग्राउंड के साथ ही पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों के लिए रहने के लिए रूम, प्रसाधन और अन्य व्यवस्था भी की गई है। चारों ओर की दीवारों में सीपेज के साथ ही प्रसाधन का हाल ऐसा है कि कई टायलेट में नल की टोटियां गायब हो गई हैं।

#### बन रहा है नया कबड्डी ग्राउंड

120 करोड़ की लागत से बने राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में हॉकी खिलाड़ियों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने के लिए तीन करोड़ रुपए की लागत से एस्ट्रोटर्फ लगा दिया गया है। यहां राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता भी कराई गई है। कुछ दिन पहले जिला प्रशासन के आदेश पर हॉकी स्टेडियम में गैलरी के साथ प्रशासनिक भवन के पास एक नया कबड्डी ग्राउंड भी बनाया जा रहा है, जिसे जल्द पूरा करने का आदेश कलेक्टर ने दिया है।

#### नहीं मिल रही है राशि

कबड्डी ग्राउंड के साथ हॉकी मैदान में गैलरी बनाने का काम शुरु हो गया है। ग्राउंड में चारों ओर खरपतवार और दीवारों के रंग रोगन के लिए किसी तरह का बजट नहीं मिल रहा है। इसके लिए कई बार विभाग की ओर से मांग की गई है।

**-ए एक्का,** सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण

---

वक्फ कानून पर मोदी सरकार का फैसला स्वागत योग्य

## दिनेश महाराज को जान का खतरा, मांगी सुरक्षा



**बिलासपुर।** धर्म संस्कृति गौ रक्षा के लिए कार्य करने पूरे प्रदेश में घूमने वाले सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर के आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। इनके ऊपर पहले भी इस प्रकार के हमले हो चुके हैं। वर्तमान समय को देखते हुए सरकार इनकी सुरक्षा की ओर ध्यान दे। यह बातें अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, छत्तीसगढ़ राजकीय अतिथि दर्जा प्राप्त एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री 1008 मनमोहन दास जी महाराज ने कही।

उन्होंने बताया कि आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष हैं। महाराज धर्म संस्कृति, गौ रक्षा के लिए पूरे प्रदेश में भ्रमण करते हैं। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। जिससे वे काफी व्यथित हो गए। वहीं प्रदेश में ईसाई मिशनरी कट्टरपंथी कार्य कर रहे हैं। वे ऐसे कार्यों को स्वीकार नहीं करते। वहीं केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड को भी खत्म करने के लिए बिल लेकर आई है। ऐसी स्थिति में समाज को जागृत करने राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए सभाएं करना जरूरी है, जिसके लिए उन्हें प्रदेश में भ्रमण करना होगा। ऐसी स्थिति को देखते हुए मनमोहन दास जी महाराज ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिर्देशक से आग्रह करते हुए आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के कट्टरपंथियों या असामाजिक तत्वों द्वारा क्षति की जाती है तो इसे संत समाज, अखिल भारतीय संत समिति, धर्म समाज एवं भक्त समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। उनके ऊपर किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना या घटना होती है तो इसकी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

---

## अयोध्या धाम के लिए आज रवाना होंगे रामभक्त

- पुलिस ग्राउंड हुआ भगवामय
- 21 बस से रवाना होंगे 1008 भक्त

**बिलासपुर।** रामनवमी के पावन पर्व पर बिलासपुर से अयोध्या धाम के दिव्य दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की एक ऐतिहासिक यात्रा शनिवार को सिविल लाइन पुलिस मैदान से रवाना होगी, जिसके लिए मैदान में भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है।

इस विशेष धार्मिक यात्रा के लिए 21 एसी बसों का इंतजाम किया गया है, जिनमें 1008 रामभक्त भगवा परिधान में सवार होकर प्रभु श्रीराम के नगरी के दर्शन के लिए निकलेंगे। आयोजन की भव्यता और अनुशासन देखते ही बनता है। सुबह 10 बजे से मैदान में उपस्थिति अनिवार्य होगी। दोपहर 12 बजे के आसपास मंगल आरती के बाद बसों को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रवाना किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सेवा के लिए चिकित्सा दल, सुरक्षा टीम और एंबुलेंस की भी खास व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क है और भक्तों से कोई भी राशि नहीं ली जा रही। हर बस में एक टीम लीडर और स्वयंसेवकों की टोली मौजूद रहेगी, जो पूरे मार्ग में दर्शनार्थियों की जरूरतों का ख्याल रखेगी। यात्रा से जुड़ी सभी जानकारियां व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से साझा की जा रही हैं, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके। हर भक्त को आधार कार्ड और ओरिजनल पावती के साथ ही आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य होगा। सुबह 10.30 से 11.30 के बीच आईडी कार्ड और यात्रा सामग्री वितरित की जाएगी। बस में हनुमान जी की प्रतिमा को पहले से आरक्षित सीट पर विराजमान किया जाएगा। जो संपूर्ण यात्रा की आत्मा मानी जा रही है। इस आयोजन में स्वयंसेवक के रूप में प्रमुख रूप से रामप्रताप सिंह,रौशन सिंह,त्रिभुवन सिंह,एके कंठ,रिंकू मित्रा,मुकेश झा,हरिशंकर कुशवाहा, सागर साहू,सनद पटेल, संतोष सिंह,संतोष चौहान सेवा दे रहे हैं।



#### श्रद्धा और सेवा का प्रतीक

यात्रा संयोजक प्रवीण झा ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर यह यात्रा श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि हर श्रद्धालु को अयोध्या धाम के दिव्य दर्शन सम्मानपूर्वक और सुरक्षित तरीके से कराएं। पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है। हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा जा रहा है। हमारा यह प्रयास रामभक्तों की आस्था को और मजबूत करेगा।

### भू-अर्जन के लिए समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के कोटा तहसील के मनपहरी गांव में घोंघा जलाशय योजना के तहत मनपहरी एवं खरगा माइनर नहर निर्माण के लिए 7.05 एकड़/2.853 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम मनपहरी में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि घोंघा जलाशय योजना खरगा एवं मनपहरी माइनर नहर निर्माण से प्रस्तावित नहर बन जाने से कुल 357 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। नहर बन जाने से आस-पास के गांवों के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के किसानों को लाभ मिलेगा, क्योंकि किसानों का मुख्य आय का स्रोत कृषि है। गांव के निस्तारी के लिए तालाबों को भरने में सुविधा मिलेगी। जिससे सतही जल का स्तर बना रहेगा। यह परियोजना पूरा होने से किसानों के आय में वृद्धि होगी और सतही जल का दोहन कम होगा।

## मिताआहार के नए कार्यालय का शहर में किया गया उद्घाटन



**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** लोगों को स्वास्थ्य और संतुलित आहार देने के उद्देश्य से मिताआहार ने अपना नया कार्यालय बिलासपुर में शुरूआत कर दिया है, जो शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

वर्तमान समय में पैक्ड, प्रोसेस्ड और शक्कर से भरे खाद्य पदार्थ का सेवन करने से शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे वजन बढ़ना सहित अन्य समस्याएं आती है। लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और संतुलित आहार प्रदान करने के उद्देश्य से मिताआहार अपना क्लीनिक की शुरूआत की है। संस्थापक मयूरी खंडूजा हैं, जिन्होंने सीए रुपिन खंडूजा के सहयोग से इसकी शुरुआत की है। क्लीनिक का संचालन व्यापार विहार रोड स्थित क्रॉस रोड बिजनेस पार्क में किया जा रहा है। जहां लोगों को न केवल स्वस्थ जीवन के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए जाएंगे, बल्कि हेल्दी फूड्स और न्यूट्रिशन से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह क्लीनिक विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो अपनी डाइट और हेल्थ के बारे में सही मार्गदर्शन चाहते हैं। मयूरी और सीए रुपिन खंडूजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह मुल्कराज खंडूजा, कमला खंडूजा, दिलीप प्रभाकर, तम्हाने व मेघा तम्हाने के मार्गदर्शन में किया गया।

---

परिषद में उच्च शिक्षा मंत्री समेत कुलपति चक्रवाल, बाजपेयी, उद्योगपति केडिया शामिल

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राज्य स्तरीय उच्च शिक्षा परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के बाद नई शिक्षा नीति के लिए योजना तैयार करने एवं क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा परिषद का गठन किया है। उच्च शिक्षा परिषद में 16 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिसके चेयरमेन उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा सचिव तथा तकनीकी शिक्षा सचिव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इस परिषद में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल, अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेयी, सीएमडी कालेज के प्राचार्य संजय सिंह और उद्योगपति हरीश केडिया सदस्य बनाए गए हैं।

राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में नीतिगत निर्णय लिया जाएगा तथा योजना का क्रियान्वयन, निगरानी एवं नीतिगत निर्णय लिया जाएगा। इसके अंतर्गत योजना का अनुमोदन करना सहित परिषद के अन्य कार्यो में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति के लिए राज्य की योजना तैयार कर योजना का क्रियान्वयन के लिए आवश्यक समन्वय करना एवं समय-समय पर क्रियान्वयन का मानिटरिंग करना है। शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से योजना तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा परिषद का गठन किया गया है। इस परिषद के चेयरमैन उच्च शिक्षा मंत्री हैं और उपाध्यक्ष भारसाधक उच्च शिक्षा सचिव, सदस्य भारसाधक वित्त विभाग सचिव एवं विशेष आमंत्रित सदस्य भारसाधक तकनीकी शिक्षा सचिव हैं। इसके साथ ही सदस्यों में बिलासपुर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, इंदिरा गांधी कृषि यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति गिरीश चंदेल, एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर के डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, इंडियन यूनिवर्सिटी एसोसिएशन नई दिल्ली के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल, शासकीय जे. योगानंदम कालेज रायपुर के प्राध्यापक टोपलाल वर्मा, छग लघु उद्योग संघ बिलासपुर के अध्यक्ष हरीश केडिया, शिक्षाविद मोटिवेशन स्पीकर उज्जवल पाटनी, रिटायर्ड प्राचार्य श्रीमती आर बाम्बरा, माता रूक्मणी सेवा संस्थान बस्तर के धरमपाल सैनी, शंकराचार्य प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी भिलाई के रवि श्रीवास्तव, कौशल विकास विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य परियोजना संचालक रूसा एवं बिलासपुर के सीएमडी कालेज के प्राचार्य संजय सिंह, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम कालेज कांकेर के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, उच्च शिक्षा आयुक्त, उच्च शिक्षा मिशन संचालक सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

#### इसी सत्र से लागू हुई प्रदेशभर में नई शिक्षा नीति

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रदेश सरकार ने इसी शिक्षा सत्र से प्रदेशभर के यूनिवर्सिटी व कालेजों में लागू किया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने से उच्च शिक्षा में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अब स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम से अध्ययन-अध्यापन एवं एग्जाम होने लगे हैं। अब 6-6 महिने में सेमेस्टर की परीक्षा होगी। प्रथम सेमेस्टर परीक्षा जनवरी माह में हुई है। इस तरह से स्नातक प्रथम वर्ष में वार्षिक पद्धति से परीक्षा व्यवस्था समाप्त हो गई है।

### जीवधर्णी फाउंडेशन ने किया नशा मुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**बिलासपुर।** मधबुन रोड स्थित अटल आवास में जीवधर्णी फाउंडेशन द्वारा लोगों को नशे से दूर रखने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के युवा सदस्यों ने लघु कहानी को नाटक के रूप में रूपांतरित कर नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। साथ ही बिलासपुर पुलिस के प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी। क्विज कांटेस्ट के दौरान प्रश्न का जवाब देने वालों को आकर्षक इनाम दिए गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा, आर्यन तिवारी, शैलेंद्र सिंह, राजा कौशिक, आकांक्षा जानोकर, संध्या चंद्रसेन, आकृति बेन, पूजा देवांगन, रेणुका साहू, सोनिया बंजारे, सूरज केंवट तथा अटल आवास मधुबन रहवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

4-APR--REGNOL--pg-6_Layout 1 4/4/2025 11:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने वाले 15 पर जुर्माना



**बिल्हा।** नगर पंचायत बिल्हा में गंदगी फैलाने वाले 15 दुकानदारों पर 100 रुपए प्रति दुकानदार के हिसाब से नगर पंचायत अधिकारियों ने पेनाल्टी लगाई। साथ ही अपने घर का पेड़ काटकर रोड में फेंकने वाले किशन रेडीमेड के संचालक पर 5 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया। लोगों को शहर को स्वच्छ बनाए में सहयोग करने के निर्देश दिए गए एवं भविष्य में कचरा फैलाने पर फिर पेनाल्टी लगाकर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। नगर पंचायत की इस कार्रवाई से नगर के लोगों में प्रसन्नता की लहर है। उक्त कार्रवाई में सीएमओ प्रवीण सिंह गहलोत, उप अभियंता नरेंद्र दुबे, राजस्व उप निरीक्षक रोहिणी तिवारी, सफाई दरोगा संतोष और अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिल्हा द्वारा समस्त जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर शहर को साफ रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई ।

### समिति ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ




**बिल्हा।** हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की सप्तमी के दिन ग्राम कल्याण समिति दगोरी के सौजन्य से ग्राम के भवानी चौक में निशुल्क प्याऊ घर की व्यवस्था की गई। प्याऊ घर का शुभारंभ सरपंच मथुरा भारद्वाज ने श्रीफल तोड़कर किया गया। गांव की इस रोड से होकर रोज हजारों राहगीर गुजरते हैं, जिनको इस भीषण गर्मी में पानी तथा छांव की व्यवस्था गांव के नवयुवकों द्वारा की गई। इसमें प्रमुख रूप से दूजराम यादव, मनहरण साहू, पुष्पेश कौशिक, वीरेंद्र कौशिक, अक्षय टंडन, इंद्रजीत कौशिक, दिलीप कौशिक, परमेश्वर, दुर्गेश सेन, व्यसनारायण, किरण वैष्णव एवं संजू का योगदान रहा।

### मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा



**धरमपुरा।** मुंगेली-बिलासपुर पूरे मुख्य मार्ग पर धरमपुरा दशरंगपुर, छतौना में जगह-जगह मवेशियों का झुंड बैठा रहता है, जिससे राहगीरों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके कारण पूर्व में कई बार दुपहिया एवं चारपहिया चालक चोटिल भी हुए है। लगातार हादसों के बाद भी इस मार्ग पर मवेशियों के झुंड को लेकर कोई सावधानी नहीं बरती जा रही है।

### हास्य कवि सम्मेलन आज

**लोरमी।** नगर में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आज 5 अप्रैल को रात 8 बजे से थाना ग्राउंड में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां तैयारी पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। सम्मेलन में देशभक्ति ओज वीर रस के देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ वेदव्रत वाजपेयी लखनऊ से, हास्य रस के सुप्रसिद्ध कवि सुरेंद्र यादवेंद्र राजस्थान से, अतुल ज्वाला इंदौर से, देश के कुशल मंच संचालक शशिकांत यादव एमपी से, सुमधुर गीतकार रमेश विश्वहार रायपुर से, श्रृंगार रस की कवियत्री पद्मिनी शर्मा दिल्ली से सम्मेलन में शामिल होंगी।

## निधन

### कुसुम गुप्ता



**बिलासपुर।** पारिजात एक्सटेंशन निवासी कुसुम गुप्ता का निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत प्राचार्य प्रो आरसी गुप्ता की धर्मपत्नी, राजीव, संजीव एवं स्वर्गीय सुदीप गुप्ता की मां, अलका की सास एवं ईशान की दादी थीं।

### अंशी पाठक



**बिलासपुर** । श्याम रेजीडेंसी फेज 1 निवासी 8 वर्षीय अंशी पाठक का बुधवार को दिल्ली में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम बटहा में शुक्रवार 4 अप्रैल को किया गया। वे अभिलाष पाठक की पुत्री, आकाश पाठक की भतीजी एवं राजेश पाठक व सुनील पाठक की नातिन थीं।

### अमरीका बाई श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम निरतू निवासी अमरीका बाई श्रीवास का 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जवाहर श्रीवास, संतोष, हरिशंकर, भुवनेश्वर एवं भोला श्रीवास की माता एवं रत्नाकर मोनू श्रीवास की नानी थीं।

### धर्मिन बाई साहू



**लोरमी।** ग्राम रेहुटा मंहत निवासी बड़े मंडल कृष्ण कुमार साहू की धर्मपत्नी धर्मिन बाईं साहू का 4 अप्रैल को 63 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनका अन्तिम संस्कार 5 अप्रैल शनिवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामफल, अशोक की मां एवं कैलाश, पवन, दिनेश साहू की बड़ी मां थीं।

## नगर में सजेगा श्रीराम, माता सीता व भ्राता लक्ष्मण दरबार

# श्रीराम मंदिर में स्थापित की गई प्रतिमाएं, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

वो समय आ गया है जब नगर में भगवान श्रीराम, माता सीता, भ्राता लक्ष्मण और हनुमान जी राम दरबार में एक साथ विराजेंगे एवं पूरा शहर इस बात का साक्षी बनेगा। यह मेरी कल्पना और प्रभू श्रीराम की इच्छा शक्ति ही है, जिससे मुझे तखतपुर में राम मंदिर बनाने का सौभाग्य प्रप्त हुआ है। पूरे शहर की जनता को आह्वान करता हूं कि राम नवमीं के दिन राम मंदिर की स्थापना में शामिल होकर राम मंदिर स्थापना के साक्षी बनें।

उक्त बातें आशीष सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को श्रीराम मंदिर में कलश स्थापना और कलश यात्रा के दौरान कहीं। इस अवसर पर श्रीराम की प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया गया और मंदिर में प्रतिमाएं स्थापित की गईं। शुक्रवार को शाम 5 बजे मंदिर से कलश यात्रा निकली, जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सदर बाजार, पाठकपारा, मां महामाया पहुंच कर वापस श्रीराम दरबार पहुंची। इसके बाद आचार्य धनंजय मिश्रा ने कलश स्थापना की पूजा की। उक्त आयोजन की मुख्य यजमान अनुपमा अभिषेक पाण्डेय हैं। इस अवसर पर आशीष सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, टेकचंद कारड़ा, आतमजीत सिंह मक्कड़, गौरी अजय देवांगन, लवली हरविंदर हूरा, मुन्ना श्रीवास, बिहारी देवांगन, राकेश मंदानी, डाजी हूरा, कोमल सिंह ठाकुर, सरिता पाण्डेय, मंजू ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, केशर सिंह, चंद्रप्रकाश देवांगन, आशीष सग्गर, उमेश राजपूत, आकाश ठाकुर, आर्यन गुप्ता, अनिल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, जसप्रीत रमन हूरा, योगेश गंधर्व सहित अन्य उपस्थित रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

### अष्टभुजी दुर्गा मंदिर में लगा भक्तों का तांता



**धरमपुरा।** मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में शुक्रवार सप्तमी तिथि के अवसर पर दर्शन व पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर विकास समिति सदस्य रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि शनिवार को अष्टमी तिथि में कन्या भोजन एवं महाअष्टमी हवन-पूजन होगा। यहां पर इस पर्व में 12 सौ 1 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए गए हैं। मान्यता है कि श्रद्धा भाव से मां के चरणों में शीश झुकाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## सप्तमी को देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़ मां कालरात्रि की हुई आराधना

**सीपत।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सीपत अंचल में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना की गई। क्षेत्र के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

इसी क्रम में जांजी स्थित मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, मातेश्वरी मंदिर, सेमरिया बाबा, सिध्देश्वरी मंदिर, उच्चभट्ठी स्थित मां शिवशक्ति दाई देवी मंदिर, धनियां स्थित मां मनकेश्वरी मंदिर, सोंठी स्थिति मां मन्नादाई देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में देवी व ज्योत जंवारा के दर्शन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां काली के सिद्ध मंत्रों का उच्चारण किया एवं जलाभिषेक कर पुष्प, गुग्गल और लौंग अर्पित किए। श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े रहे।



सप्तमी के दिन कई भक्त अपनी मन्नत पूरी करने रास्ता नापकर देवी दर्शन किया एवं आशीर्वाद मांगा। देर रात तक मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर पर चलता रहा।

## भाजपा स्थापना दिवस व अम्बेडकर जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**गौरेला।** भाजपा के स्थापना दिवस और डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आगामी 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम में जीपीएम भाजपा की बैठक जिला कार्यालय गौरेला में आयोजित की गई, जिसमें में आयोजनों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का झंडा लगाया जाएगा। 8 व 9 अप्रैल को सभी मंडल व विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन रखा जाएगा एवं 10 व 11 अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों में घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा। जिला बैठक में मंडल बैठक पूर्ण करने की भी योजना बनाई गई। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर एवं नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री राकेश चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष कुबेर सिंग सर्राटी ने किया। बैठक के अंत में पूर्व जिला संघ चालक दिनेश ताम्रकार एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री आलोक जैन के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से गौरेला नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष नीरज जैन, दिलीप यादव, बालकृष्ण अग्रवाल,दिनेश मरावी, रितेश फरमानिया, राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते, राजेश अग्रवाल, तापस शर्मा, पवन पैकरा, रियाज कुरैशी, कुलदीप सिंग धीरज, राजकुमार रोहणी, रमेश तिवारी, कमलेश यादव, अजय रजक, राजकुमार पुरी, अजय तिवारी, भँवरसिंग गोवाश, किशनसिंग ठाकुर, डॉ लूशनसिंग राठौर, अंकुर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, शंकर चक्रधारी, प्रताप मरावी, सचिन जैन, शिव गुप्ता, शिव शर्मा, रानु नामदेव, उमा कत्यानी कोशले आदि शामिल थे।




भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक।

## रतनपुर अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर की सुविधा शुरू, हुआ पहला सिजेरियन प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के लोगों को अब महिला नसबंदी और सिजेरियन प्रसव के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें रतनपुर सीएचसी में ही यह सुविधा मिलना शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। रतनपुर के सीएचसी को अपग्रेड करते हुए यहां सर्वसुविधायुक्त ऑपरेशन थियेटर (ओटी) शुरू किया गया है। आज यहां सिजेरियन प्रसव हुआ। अब तक यहां 7 महिला नसबंदी आपरेशन भी हो चुका है। अब रतनपुर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन प्रसव एवं महिला नसबंदी के लिए बिलासपुर आना नहीं पड़ेगा। कलेक्टर ने इसके लिए पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।



### कलेक्टर ने सीएमएचओ को ओटी सुविधा शुरू करने दिए थे निर्देश

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अवनीश शरण ने कई बार रतनपुर अस्पताल का निरीक्षण कर वहां ओटी संबंधी समस्त सुविधाएं देने के निर्देश सीएमएचओं को दिए थे। रतनपुर में ओटी के लिए आवश्यक सभी उपकरण एवं दवाईयां दी गई। डीएमएफ मद से अस्पताल में स्थापित ओटी में आवश्यक सुधार कार्य किया गया। मापदंड पूर्ण होने पर पहले पदस्थ टीम द्वारा नसबंदी ऑपरेशन किया गया, इसके बाद आज पहला सफल सिजेरियन प्रसव कराया गया। अब कोटा विकासखंड के रतनपुर एरिया के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद पहली बार सीजर ऑपरेशन प्रारंभ हुआ। अस्पताल के स्त्री प्रसूति विशेषज्ञ डॉ शीला शाहा, डॉ नेहुल झा, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. निधि कोर्राम, प्रभारी डॉ विजय चंदेल, स्टॉफ नर्स ममता साहू, योगेश्वरी रजक, आरती धीवर एवम अन्य स्टॉफ के सहयोग से सी-सेक्शन प्रसव कराया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत महिला नसबंदी ऑपरेशन भी यहां किया जा रहा है।

## दशरंगपुर, रामबोड़ में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित



**मुंगेली।** जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप और कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के ग्राम दशरंगपुर और रामबोड़ में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया। इससे इन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान होगा।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बिजली संबंधी समस्याओं से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि आगे भी विद्युत अधोसंरचना संबंधी विकास कार्य जारी रहेंगे, जिससे लोगों को निर्बाध और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशु वासने ने बताया कि दशरंगपुर उपकेंद्र पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर लाइन चार्ज की गई है। इससे किशनपुर, लोहड़यि, बरदुली, धनगांव, पीथमपुर, भठलीकला, भठलीखुर्द, रामपुर, खैरवार, डोमनपुर, ढोठमा, सिलतरा, डाड़गांव सहित 15 ग्रामों को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। इसी तरह सरगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत रामबोड़ उपकेंद्र में भी अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे रामबोड़, अण्डा, दौना, टिकैतपेण्ड्री, मोहदी, लुकउकापा, बिरकोनी, धमनी, खम्हारडीह, भकरीडीह, लोहदा और कड़ी सहित आसपास के गांवों को बेहतर और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। यदि किसी भी क्षेत्र में बिजली संबंधित समस्या उत्पन्न होती है, तो नागरिक सुबह 9 बजे से शाम 06.30 बजे तक जिला प्रशासन के कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर 9406275514, 8641002203 और 9406275535 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, नजदीकी विद्युत स्टेशन से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## लोरमी नपा में पीआईसी का गठन, पार्षदों को जिम्मेदारी





**लोरमी।** नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष सूजीत वर्मा के द्वारा पीआईसी का गठन कर सदस्यों को विभिन्न विभागों के सभापति नियुक्ति कर जिम्मेदारी दी गई। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा-70 एवं धारा-71 के प्रावधानों के तहत अध्यक्ष सुजीत वर्मा के आदेशानुसार सीएमओ लालजी चंद्राकर ने प्रेसीडेंट-इन-कांउसिल के प्रभारी सदस्य का गठन आगामी आदेश पर्यन्त तक किया गया। जिसमें प्रेसीडेन्ट-इन-कांउसिल के प्रभारी सदस्य डॉ अशोक जायसवाल को शिक्षा, पार्षद राजेन्द्र सलूजा को जल विभाग, बाजार, राजस्व एवं प्रधानमंत्री आवास एवं पर्यावरण पार्षद विश्वास दुबे को आवास, लोक निर्माण विभाग, सामान्य प्रशासन व नियोजन, पार्षद आलोक शिवहरे को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, पार्षद आरती ढीमर को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पार्षद पूर्णिमा यादव को महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पार्षद पुष्पा यादव को विधि एवं विधायी कार्य व पुर्नवास विभाग का सभापति नियुक्ति किया गया।

## आदर्श ग्राम पंचायत डिघोरा का हाल- बेहाल

**पथरिया।** विकास खंड का गांव डिघोरा, जो कि आदर्श ग्राम पंचायत है, यहां सड़क पर गंदे पानी की निकासी होने एवं पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कई बार यहां से गुजरने वाले लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीण मजबूरी के कारण इस गंदे पानी के बीच से निकलने को मजबूर हो रहे है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई थी, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। गांवों के लोगों ने बताया कि इस मार्ग की दुर्दशा के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे से गंदे पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था न होने के कारण पानी वहां पर भर रहा है, जिससे सड़क पर कीचड फैल रहा है। कई बार गांव के पूर्व सरपंच एंव अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से इस सड़क निर्माण की मांग की गई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सड़क की खराब स्थिति एवं परेशानियों से ग्रमीणों में काफी रोष है।

### मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे ग्रामीण



### की जाएगी व्यवस्था

ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण, अभी पदभार नहीं मिल पाया है। पदभार मिलते ही सर्वप्रथम गांव के लोगों के लिए मूलभुत सुविधाएं जैसे पानी, सड़क बिजली आदि की तत्काल व्यवस्था की जाएगी।

- संदीप कुर्रे, सरपंच

## दोनों दल के पार्षदों ने विकास के विभिन्न प्रस्तावों को दी मंजूरी

# परिषद की पहली बैठक में 2 करोड़ के कार्य स्वीकृत

**पथरिया।** नगर पंचायत में नवगठित परिषद की पहली बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें सत्ता पक्ष भाजपा और विपक्ष कांग्रेस के सभी पार्षदों ने एक स्वर में नगर विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की।

परिषद की बैठक की शुरुआत में नगर पंचायत सीएमओ ने पूर्व निर्धारित एजेंडे और बैठक के उद्देश्यों को परिषद के साथ साझा करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव और पार्षदों से प्रस्ताव पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृत करने की बात रखी। परिषद में सबसे बड़ा मुद्दा वर्षों से अटके प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि का रहा, जिसे उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने प्रमुखता से उठाया और सबसे प्राथमिकता का एजेंडा बताकर हितग्राहियों के हित मे निर्णय करने की बात कही। इसके बाद आवास राशि भुगतान की तकनीकी अड़चनों को दूर करने के उपायों के साथ हितग्राहियों के खाते में राशि डालने का निर्णय लिया गया। बैठक में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित 19 पूर्व निर्धारित एजेंडों सहित अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न सदस्यों द्वारा रखे अन्य एजेंडे पर चर्चा और सहमति प्रदान की गई। इसके तहत पंद्रहवे वित्त से लगभग



90 लाख की पाइप लाइन विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इससे वार्ड 7, 10, 11 व 12 में जल आपूर्ति हो सकेगी। बैठक के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि पहली बैठक में लगभग तीन करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। हम क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक के मार्गदर्शन में स्वच्छ, और विकसित नगर की स्थापना करेंगे। इसी तरह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पथरिया को पंचायत से नगर पंचायत बनाकर नगरवासियों को सौगात दी थी। अब हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की तर्ज पर विकसित नगर बनाने का काम होगा। हितग्राहीमूलक योजनाओं से एक-एक नागरिको को लाभ दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है ।

### इन कार्यों पर बनी सहमति

परिषद के द्वारा नगर में उन्मुक्त खेल मैदान बनाने, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने लाखों की सामग्री खरीदने, नगर पंचायत को नजूल की भूमि घोषित करने शासन से मांग करने, पंचायत में अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की मांग, नगर के मुक्तिधाम में बाउंड्री निर्माण, सिटी डेवलपमेन्ट प्लान तैयार करने, विभिन्न वार्डो में सामुद्रायिक भवन, वार्ड 5 में विद्धुत पोल विस्तार सहित अन्य प्रस्ताव पारित हुए। पार्षद रामबघेल, मेलाराम डनसेना, इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान ने अपने-अपने वार्डो और नगर के अन्य वार्डो के विकास के लिए अन्य विकास योजनाओं को स्वीकृत कराया। इनकी रही उपस्थिति- बैठक में विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, वार्ड 1 से पार्षद प्रिया बघेल, 2 से हसीब खान, 3 से मोनिका ओमू दीवाना, 4 से सुनीता ध्रुव, 5 से पार्षद मनोज पाण्डेय, 6 से इंद्रजीत यादव, 7 से मेलाराम डडसेना, 8 से अजय डडसेना, 9 से लल्ली मनोज निषाद, 10 से प्रकाश मंडावी, 11 से दीपक साहू, 12 से रंजीता ओंकार यादव, 13 से राम बघेल, 14 से प्रकाश भार्गव एवं वार्ड 15 से चन्द्रकली दिवाकर उपस्थित रहे।

## राजस्व के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने जाहिर की नाराजगी

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों के निपटारे में हो रही लेटलतीफी पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी लंबित राजस्व मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि राजस्व मामलों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और त्रुटि सुधार जैसे मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेताया कि कोई भी नागरिक राजस्व कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर न हो और उन्हें पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि जनता को त्वरित और निष्पक्ष सेवाएं प्रदान की जाएं, जिससे शासन की छवि आम नागरिकों के बीच मजबूत बनी रहे। गौरतलब है कि जिले में कई राजस्व प्रकरण अभी भी लंबित हैं, जिन्हें समय-सीमा के भीतर निपटाया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे जनता को राहत मिले और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



शानदार द्वितीय वर्ष
जय श्रीराम
जयश्री राम
राम
चलो चलें
भक्ति -भाव लेकर
प्रभु रामलला के घर
राम नवमी के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से उनके घर अयोध्या धाम तक की भक्तिमय यात्रा प्रवीण झा रामभक्त के नेतृत्व में 1008 भक्तों को रामलला के दर्शन का शानदार द्वितीय वर्ष...
नि:शुल्क अयोध्या यात्रा
05 अप्रैल 2025 | सुबह 11 बजे | पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर
प्रतिवर्ष 1008 दर्शनार्थियों का जत्था
प्रवीण झा
समाजसेवी
राम प्रताप सिंह
ललित पुजारा
ए.के. कंठ
त्रिभुवन सिंह
रिंकू मित्रा
उचित सुद
राजीव अग्रवाल
संजय द्विवेदी
रौशन सिंह
मुकेश झा
संतोष चौहान
संतोष सिंह
सनद पटेल
अजीत पंडित
चन्द्रकिशोर प्रसाद
सन्नी गिरी
योगेश बोले
प्रणव विश्वकर्मा
द्विव्यांश झा
जयदीप घोष
सागर साहू
राकेश राय
व्ही. वेकट नायडू
अशोक पाण्डेय
निहारिका त्रिपाठी
निभा दास
राज कुमार जैशवानी
सूरज कौशिक
सुभम राय
निशांत श्रीवास्तव
अभिषेक साहू
शौलेन्द्र सिंह
रूपेश कुशवाहा
सौजन्य - प्रवीण झा, समाजसेवी, बिलासपुर (छ.ग.)
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### लोन दिलाने 19 लोगों से ठगी, महिला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में महिला ने 6 लाख रूपए ठगी करने स्वीकार किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। तोरवा पुलिस के अनुसार देवरीखुर्द मीरा मानिकपुरी पति गणेश दास मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि देवरीखुर्द निवासी प्रियंका राय पिता संजय राय उम्र 30 वर्ष ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। जानकारी के अनुसार आरोपी महिला ने अब तक 19 लोगों को फंसा कर 5 लाख 97 हजार रूपए की ले चुकी है। तोरवा पुलिस ने एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल व सीएसपी अक्षय प्रमोद सबद्रा के मार्ग दर्शन में महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धारदार हथियार के साथ राह चलते लोगों को डर व धमकाने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने तलवार भी जब्त कर ली है। नवरात्र को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इंदु चौक के पास एक सिरफिरा आदमी तलवार लहराते हुए राहगीर को डरा धमका कर भय पैदा कर रहा है। मौके पर त्वरित घेराबंदी कर बदमाश से एक लोहे का धारदार तलवार को जब्त किया गया। आरोपी युवक रेहान खान उर्फ राज पिता कल्लू खान गांधी चौक के पास रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 11 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल शाम 5 बजे है। जिसकी संभावित परीक्षा तिथि 1 मई 2025 एवं व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 22 अप्रैल है। प्रवेश परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन करते समय छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

#### शासन से भी ली जाएगी अनुमति, एमआईसी में पहले पास होगा प्रस्ताव

# इमलीपारा की दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शीघ्र होगी, आरक्षण भी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा रोड पर 10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स लगभग बनकर तैयार है। बस फिनिशिंग का काम चल रहा है। अभी भी दुकानों के आवंटन को लेकर दुविधा बनी हुई है। हालांकि अब इसकी प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक दुकानों के आबंटन के लिए शासन से अनुमति ली जाएगी। इसके पहले इसे एमआईसी में रखा जाएगा। इसके साथ ही दुकानों के आबंटन में आरक्षण की प्रक्रिया भी लागू होगी। ज्ञात हो कि नगर निगम स्थाई संपत्ति अंतरण नियम 1994 के अनुसार दुकानों के आवंटन में नगर निगम क्षेत्र की एससी, एसटी, ओबीसी जनसंख्या के हिसाब से और महिला, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जैसी श्रेणियों के लिए भी दुकानें आरक्षित करने का प्रावधान है। सिटी कोतवाली में बनी मल्टीलेबल पार्किंग की दुकानों में भी इस नियम का पालन नहीं किया गया था, जिससे मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था। इसी विवाद से बचने के लिए नगर निगम और स्मार्ट सिटी मिलकर नियमों का पालन करने की बात कह रहे हैं।

ज्ञात हो कि लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन किया गया था। पुराना बस स्टैंड के पास लेकिन 86 दुकानों के नहीं हटने के कारण चौक के पास सड़क संकरी हो गई थी।

इस वजह से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क का यह वैकल्पिक मार्ग नहीं बन सका था। चौड़ीकरण के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर इमलीपारा सड़क सीधे जाकर मिलेगी और इस प्रकार से चौक पर सीधे 6 तरफ से सड़क मिलेगी। कलेक्टर अवनीश शरण और निगम आयुक्त अमित कुमार ने शुक्रवार की दोपहर मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। यहां बस स्टैंड तक डामरीकरण किया गया है।



इमलीपारा में दो मंजिला काम्प्लेक्स का काम अंतिम चरण में।

### 65 दुकानें बन रहीं, ट्रैफिक भी स्मूथ होगा

इस बारे में निगम अधिकारियों का कहना है कि कमर्शियल कॉम्प्लेक्स व्यापारियों के कारोबार के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि यहां पार्किंग की सुविधा है। आजकल लोग ज्यादातर उन दुकानों में जाते हैं, जहां पार्किंग की सुविधा होती है। यह शहर के हृदय स्थल यानी पुराना बसस्टैंड के पास है। इसका भी फायदा व्यापारियों को मिलेगा। ज्ञात हो कि पहले यहां 87 दुकानें बनाने की योजना थी, लेकिन निगम ने बाद में प्लान बदल दिया और अब यहां 65 दुकानें बनाई जा रही हैं।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते कलेक्टर व अन्य अफसर।

### जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत देनी होगी

ध्यान रहे कि निगम ने तय किया है कि लीजधारी दुकानदारों को बस स्टैंड में बनाए जा रहे काम्प्लेक्स में ही रियायती दर पर दुकानें आबंटित होंगी। निगम की बैठक में इसका प्रस्ताव भी पास हो चुका है। निगम ने व्यापारियों की लिस्ट भी तैयार कर ली है, लेकिन रेट को लेकर अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। निगम के हिसाब से ही देखा जाए तो 100 वर्गफीट की एक दुकान की कीमत 25 लाख से पार जाएगी। इसके साथ ही खुले टेंडर के हिसाब से बिकने वाली दुकानों की बोली एक करोड़ के पार जा सकती है। इसके चलते यहां के व्यापारी परेशान हैं।

### ए, बी, सी 3 वर्ग में बांटे गए व्यापारी

अब जब दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू हो रही है तो पुराना बस स्टैंड चौक से इमलीपारा तक सड़क चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत यहां पर मौजूद 88 दुकानों को तोड़ा गया है। इन दुकानदारों को स्मार्ट सिटी के तहत वहीं पर बन रही शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में जगह देनी है। इसके लिए सभी को ए, बी व सी कैटेगरी में बांट दिया गया है। ए कैटेगरी में ऐसे 5 दुकानदार हैं, जिनकी लीज जीवित है।

### नियमों का होगा पालन

इमलीपारा में दुकानों के आबंटन में सभी नियमों का पालन होगा। किसी भी विवाद से बचने के लिए इससे पहले व्यापारियों से चर्चा भी होगी। लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। कीमत क्या होगी इस पर फिलहाल अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

- **अमित कुमार** निगम आयुक्त

### छोटे दुकानदार परेशान हैं

कब्जा तोड़ने और दुकानों के हटाने के बाद से छोटे दुकानदार परेशान हैं। इन्हें जल्द दुकानें नहीं दी गई तो और परेशानी होगी। दुकान आबंटन की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे की किसी प्रकार का विवाद नहीं हो। निगम से सहयोग के लिए सभी व्यापारी तैयार है।

- **अजय तिवारी**, अध्यक्ष, इमलीपारा व्यापारी संघ

# कछुआ मामले में किया जा रहा बदनाम वरिष्ठ अफसर से निष्पक्ष जांच कराएं : ट्रस्ट

**बिलासपुर।** रतनपुर के महामाया कुंड में दो दर्जन से अधिक कछुओं की मौत के मामले में वन विभाग ने जांच शुरु कर दी है। वहीं महामाया मंदिर ट्रस्ट ने कछुओं की मौत पर ट्रस्ट को बदनाम करने का आरोप लगाया है। मंदिर के ट्रस्टियों का कहना है कि कछुओं की मौत के मामले की किसी वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, जिसमें ट्रस्ट पूरा सहयोग करेगा।

- जांच में पूरा सहयोग करेगा ट्रस्ट

शुक्रवार को प्रेस क्लब में उक्त बातें महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, मुख्य पुजारी एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पंडित अरूण शर्मा, कोषाध्यक्ष रितेश जुनेजा, ट्रस्टी विनोद गोरख, शैलेन्द्र जायसवाल और मंदिर के सक्रिय सहयोगी एपी त्रिपाठी ने कही। सभी की मांग थी कि मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्षता से कराई जानी चाहिए।




### कछुए कहां से आते हैं, यह जानकारी नहीं

ट्रस्ट के अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि महामाया मंदिर ट्रस्ट इस घटना में कैसे शामिल हो सकता है। सीसी टीवी में मछली मारते दिख रहे व्यक्ति को वे नहीं पहचानते हैं, जो जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। महामाया कुंड में कछुए कहां से आते हैं, यह जानकारी नहीं है मगर यह सुनने में आया है कि दर्शनार्थी वहां आकर कुंड में कछुए छोड़ देते हैं। विभागीय अफसर वीडियो फुटेज और सीसी टीवी का डीवीआर लेकर गए हैं। इसके बाद भी ऐसा माहौल बना दिया गया है कि मंदिर प्रबंधन ही इस मामले में पूरी तरह दोषी है। उन्होंने कहा कि मंदिर के सहयोगी आनंद जायसवाल को ट्रस्टियों ने कुंड से बदबू आने के कारण सफाई करने कहा था। 23 मार्च को आनंद जायसवाल ने मछली निकाला, जिने रतनपुर बाजार में बेचने के बाद उस पैसे को लाकर ट्रस्ट में जमा कर दिया। 23 की रात को कछुए कुंड के बाहर नजर नहीं आए। अचानक 25 मार्च की सुबह दो दर्जन कछुए मृत पाए गए, जो किसी षड़यंत्र का हिस्सा हो सकता है।

मंदिर प्रबंधन हर तरह से जांच में अपना सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस जांच और कछुए की मौत के बाद कुछ लोग मंदिर प्रबंधन को बदनाम करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। ट्रस्टियों ने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी तरह का हाथ ट्रस्टियों का नहीं है। निष्पक्ष तरीके से जांच के बाद मामले में जो भी दोषी पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### आईपीएल में सट्टा लगाने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आईपीएल में सट्टा लगाकर लाखों रूपए की अवैध कमाई करने वाले दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली कि मध्यनगरी चौक में कुछ लोग मोबाइल के माध्यम से आनलाइन रुपए लगाकर सट्टा खिला रहे हैं। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी को मौके के लिए भेजा गया। जहां पर कुछ लोग मोबाइल से आनलाइन दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर अन्य आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने चकरभाठा निवासी जय नागवानी पिता अशोक नागवानी 25 वर्ष और रामावेली निवासी कमल लखवानी पिता रमेश लखवानी उम्र 24 को धरदबोचा। पुलिस ने सटोरियों के पास से नगद 1500 रूपए व वीवो कंपनी का मोबाईल जब्त कर लिया है। दोनों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# ट्रक चालक ने ई-रिक्शा और बाइक सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रक चालक ने शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा व बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और उसमें बैठे 4 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं ड्राइवर ने अपना आपा खोते हुए बाइक सवार को ठोंक दिया, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।



- 5 घायलों को सिम्स में किया गया भर्ती

तोरवा पुलिस के अनुसार लाल खदान ब्रिज के पास ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीबी 4568 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर दौड़ रहे ई-रिक्शा को ठोकर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया और उसमें चालक सहित बैठे 3 लोग दब गए। नशे में चूर ट्रक ड्राइवर आगे जा रही बाइक को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क की दूसरी तरफ जाकर गिर गया।

आसपास के लोगों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। घायलों में नगोई निवासी रिक्शा चालक अजय साहू पिता मथूरा साहू 22 वर्ष, सवार यात्री रेशमा साहू, रवि साहू, भुवनेश्वरी साहू को इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# जमीन का एडवांस लेकर दूसरे को बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी स्थित जमीन को बेचने का सौदा कर युवक ने एक लाख 30 हजार रुपये एडवांस ले लिया। बाद में जमीन को दूसरे को बेच दी। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी की शिकायत की है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। बलौदाबाजार जिले के भाटापारा में निवासी विनय माखिजा(22) की पहचान गोंड़पारा में रहने वाले अनिल गुलहरे से है। जान पहचान होने के कारण विनय ने शहर में जमीन खरीदने की बात कही थी। इस पर अनिल ने प्रार्थी को सकरी में चार हजार वर्गफीट जमीन दिखाई। जमीन पसंद आने पर प्रार्थी ने 30 लाख रुपये में सौदा कर लिया और एडवांस के रूप में एक लाख 30 हजार रुपए दे दिए। प्रार्थी ने जमीन की रजिस्ट्री कराने 28 फरवरी को दो लाख 10 हजार का स्टांप लिया और रजिस्ट्री कराने तखतपुर पहुंच गया। इधर, अनिल ने प्रार्थी तखतपुर भेजकर गायब हो गया। बाद में उन्हें पता चला कि उक्त जमीन को अनिल ने दूसरे के नाम पर रजिस्ट्री कर दी है। जानकारी होने पर उन्होंने धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

- सकरी का मामला, पुलिस ने दर्ज किया जुर्म



# ट्रांसपोर्टर पर सर्जिकल ब्लेड से हमला

**बिलासपुर।** पैसे के लेनदेन में दो लोगों ने मिलकर ट्रांसपोर्टर पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे ट्रांसपोर्टर लहूलुहान हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पाराघाट निवासी जमुना प्रसाद साहू उर्फ भोला ट्रांसपोर्टर है। गुरूवार की रात 10 बजे वे घर पर थे, इस दौरान पोडीभाठा अकलतरा निवासी अजय राठौर व अन्य व्यक्ति उनसे मिलने आए। आरोपी अजय राठौर ने पितांबर लोधी का हवाला देते हुए पैसे की मांग करते हुए फोन लगाने को कहा। प्रार्थी ने रात का समय देखते हुए फोन लगाने से इनकार कर दिया और घर के अंदर जाने लगा। इसके बाद अजय राठौर व उसका साथी घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। प्रार्थी व उनका बेटा नवीन साहू गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी और सर्जिकल ब्लेड से जमुना प्रसाद के दाहिने गाल पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद बेटे ने बीच-बचाव किया। झगड़े की बात सुनकर उनका भतीजा राकी साहू भी आया। इस दौरान दोनों आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को मस्तूरी सीएचसी लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें सिम्स रेफर कर दिया। मस्तूरी पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अजय राठौर व उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी अबतक फरार है।













